## बाल साइक्लिंग का जुनून, मैदान पर जमकर कर किया अभ्यास

### साइकिल महोत्सव पर आज निकलेगी साइकिल रैली

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** विश्व साइकिलिंग दिवस के अवसर पर नरसिंहपुर में 13 व 14 जून को आयोजित होने वाले दो दिवसीय साइकिल महोत्सव की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। जिला साइकिलिंग संघ नरसिंहपुर द्वारा साइकिलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के अस्मिता कार्यक्रम अंतर्गत आयोजित इस आयोजन को लेकर 11 जून को आयोजन समिति की बैठक आयोजित कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। बैठक में प्रतिभागियों की व्यवस्था, रूट प्लान, सुरक्षा, प्रचार-प्रसार एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया गया। मध्यप्रदेश साइकिलिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रशांत सिंह एवं सचिव भीष्म राजपूत के मार्गदर्शन में आयोजित हो रहे इस महोत्सव की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।



महोत्सव के प्रथम दिवस 13 जून को प्रात: 7 बजे भव्य साइकिल रैली आयोजित होगी, जिसमें जिले के खिलाड़ी, युवा एवं खेल प्रेमी शामिल होंगे। वहीं 14 जून को बालिका एवं महिला वर्ग की साइकिल रेस स्टेडियम ग्राउंड से प्रारंभ होकर चिनकी मार्ग से होते हुए पुन: स्टेडियम ग्राउंड में संपन्न होगी। साइकिल रैली एवं रेस को लेकर बालिकाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। मैदान पर खिलाड़ी नियमित अभ्यास कर अपनी तैयारियों को अंतिम रूप दे रही हैं। बालिकाओं में साइक्लिंग के प्रति बढ़ता जुनून, आत्मविश्वास और खेल भावना आयोजन को विशेष बना रही है। समापन अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता खिलाड़ियों को पदक एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। आयोजन समिति ने जिलेवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।

## मारपीट के आरोपी को सश्रम कारावास

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** न्यायालय शिवकांत कुशवाहा न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी तेंदूखेड़ा जिला नरसिंहपुर के न्यायालय द्वारा घर के अंदर घुसकर मारपीट करने वाले प्रकरण के आरोपी प्रकाश दुबे पिता ठाकुर प्रसाद दुबे उम्र 57 वर्ष निवासी खैरीखुर्द थाना तेंदूखेड़ा जिला नरसिंहपुर को दोषसिद्ध पाते हुए धारा 452 में 06 माह का सश्रम कारावास तथा 1000 रूपए का अर्थदण्ड एवं धारा 323 में 03 माह का सश्रम कारावास तथा 1000 रूपए का अर्थदण्ड से दंडित किया गया है।

जिला मीडिया सेल प्रभारी द्वारा बताया गया कि फरियादी ने थाना तेंदूखेड़ा उपस्थित होकर इस आशय की रिपोर्ट लेखबद्ध करायी कि प्रकाश दुबे ने 4 साल से उसकी खेती सिकमी पर लिये है एवं सिकमी के पैसे नहीं दिये हैं।

दिनांक 23.4. 2023 को रात्रि में उसने प्रकाश दुबे से सिकमी के पैसे का बोला तो वह भड़क गया और उसे मां बहन की गंदी गंदी गालियां देने लगाए गाली देने से मना किया तो अभियुक्त घर के अंदर घुसकर आहत को चप्पल से मारपीट कर चोट पहुँचाई थी।

## मूंग के कम दाम मिलने से नाराज किसानों ने प्रदर्शन कर आधे घंटे किया चक्काजाम

**गाडरवारा, देशबन्धु।** कृषि उपज मंडी के सामने शुक्रवार को किसानों ने मूंग की फसल के कम दाम मिलने पर विरोध प्रदर्शन किया। नाराज किसानों ने मुख्य मार्ग पर करीब 20 मिनट तक चक्का जाम कर दिया, जिससे यातायात बाधित हुआ। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और किसानों को समझाकर जाम समाप्त कराया।

किसानों का आरोप है कि सरकार ने मूंग का समर्थन मूल्य 8 हजार रुपये प्रति क्विंटल से अधिक तय किया है। इसके बावजूद, मंडी में व्यापारी केवल 6 से 7 हजार रुपये प्रति क्विंटल तक की बोली लगा रहे हैं। किसानों का कहना है कि खेती की लागत लगातार बढ़ रही है, लेकिन उन्हें अपनी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है। इससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। आक्रोशित किसानों ने मंडी के बाहर इकट्ठा होकर सरकार विरोधी नारे लगाए और सड़क पर बैठकर अपना विरोध दर्ज कराया। चक्का जाम के कारण कुछ समय के



लिए सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।

मौके पर पहुंचे पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने किसानों से बात की। उन्होंने किसानों की समस्याएं सुनीं और उनकी मांगों को उचित स्तर पर पहुंचाने का आश्वासन दिया। इसके बाद किसान सड़क से हटकर वापस मंडी परिसर में चले गए। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि उन्हें मूंग का उचित मूल्य नहीं मिला, तो वे अपने आंदोलन को और तेज करेंगे। थाना प्रभारी अशोक सिंह चौहान ने बताया कि किसानों द्वारा कुछ समय के लिए सड़क पर चक्का जाम करने की सूचना मिली थी। पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और किसानों को शांतिपूर्वक जाम समाप्त करने के लिए समझाया गया, जिसके बाद वे मंडी के अंदर लौट गए।

## सार-समाचार

### साहित्य के क्षेत्र में सुयश त्यागी को मिला अखिल भारतीय कीर्ति पुरस्कार

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश के सोशल मीडिया प्रभारी व नरसिंहपुर विधानसभा के ग्राम करतार



निवासी सुयश त्यागी को साहित्य के क्षेत्र मे उनकी उत्कृष्ट साहित्यिक कृति 'छूटते किनारे' के लिए साहित्य अकादमी द्वारा प्रदत्त प्रतिष्ठित अखिल भारतीय राजा वीर सिंह देव (उपन्यास) पुरस्कार सम्मानित किया गया है। यह सम्मान आपकी साहित्यिक साधना, सृजनात्मक प्रतिभा, वैचारिक गहराई एवं समाज के प्रति संवेदनशील दृष्टि का गौरवपूर्ण अभिनंदन है। आपकी लेखनी केवल शब्दों का सृजन नहीं करती, बल्कि समाज को दिशा, संवेदना और प्रेरणा भी प्रदान करती है। सुयश त्यागी की इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर भाजपा परिवार के समस्त नेतागणों, पदाधिकारीयों, कार्यकर्ताओं व शुभचिंतकों ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें उनके साहित्य और जनसेवा के क्षेत्र में निरंतर नए कीर्तिमान स्थापित करने हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

### पेंशनर्स का जल सत्याग्रह आंदोलन 14 को

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** मप्र विधुत कर्मचारी जनता यूनियन एवं प्रमुख पेंशनर एसोसिएशन द्वारा पेंशनरो की लंबित विभिन्न मांगों को लेकर दिनांक 14 जून को सुबह 10 बजे जल सत्याग्रह आंदोलन नर्मदा तट बरमान के रेत घाट पर पेंशनरो द्वारा किया जावेगा। उल्लेखनीय हैं कि मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के बंटवारे के समय पैंशन के लिए बनाई धारा 49 पेंशन भुगतान में सहमति के अड़ंगा को हटाने, पेंशन का भुगतान कोषालय से करने, मंहगाई भत्ते का बकाया एरियर्स भुगतान, पैंशन भुगतान की गारंटी दो, केंद्र के समान तिथि से महंगाई भत्ते का भुगतान हो । आदि मांगों पर लगातार अनसुनी होने पर मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ सरकारों से पूर्ति कराने सभी वर्गों के पैशनरो द्वारा आंदोलन के प्रथम चरण में जल सत्याग्रह आंदोलन किया जाएगा । जनता यूनियन प्रवक्ता ओपी सोनी ने बताया कि जबलपुर से पैंशनर साथी विजय चौकसे महासचिव का आगमन और जल सत्याग्रह का नेतृत्व करेंगे, सभी पैंशनर साथियों से उपस्थिति की अपील की है।

### लोक कल्याण मेला आयोजित

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** छोटे व्यापारियों के लिए सुनहरा अवसर मिल रहा है। नगर पालिका में लोक कल्याण मेला का माध्यम से उन्हें आसानी से लोन मिलेगा। जानकारी अनुसार प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत नगर पालिका मंडला में 1 जून से 30 जून तक लोक कल्याण मेला आयोजित किया जा रहा है। जिसमें पात्र पथ विक्रेताओं एवं स्ट्रीट वेंडर्स को 15 हजार से 50 हजार की राशि तक का ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही हितग्राहियों को केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से भी जोड़ा जाएगा। सभी पात्र हितग्राही समय पर आवेदन नगर पालिका परिषद नरसिंहपुर में करें। जिससे उन्हें इस योजना का लाभ मिल सके।

### आकांक्षा श्रीवास्तव करेंगी युवा संगम में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व

**राजनगर, देशबन्धु।** दृढ़ संकल्प और मेहनत से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता। इसे सिद्ध कर दिखाया है आदिवासी बाहुल्य जिला अनूपपुर के राजनगर निवासी आकांक्षा श्रीवास्तव ने। आकांक्षा का चयन केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के अंतर्गत आयोजित युवा संगम फेज-6 कार्यक्रम के लिए हुआ है। वह इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम में अनूपपुर जिले से मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी। आकांक्षा श्रीवास्तव राजनगर आरओ उपक्षेत्र में कार्यरत वरिष्ठ पीएसए संजय कुमार श्रीवास्तव की पुत्री हैं। उनके चयन से पूरे क्षेत्र में खुशी और गौरव का माहौल है।

जानकारी के अनुसार युवा संगम फेज-6 के अंतर्गत इस बार आईआईटी इंदौर को प्रेषक संस्थान तथा आईआईटी (आईएसएम) धनबाद, झारखंड को मेजबान संस्थान बनाया गया है। कार्यक्रम 10 जून से 21 जून तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से चयनित युवा प्रतिभागी शामिल होंगे। इस 11 दिवसीय शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागी अपने-अपने राज्यों की भौगोलिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं सामाजिक विशेषताओं को साझा करेंगे। साथ ही उन्हें झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक, ऐतिहासिक एवं साहित्यिक विरासत को निकट से जानने और समझने का अवसर मिलेगा। आकांक्षा के इस चयन को क्षेत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

## एनसीसी कमान अधिकारी ने वार्षिक निरीक्षण किया, दिया गार्ड ऑफ ऑनर



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** 1 एम पी बटालियन एन सी सी जबलपुर के कमान अधिकारी कर्नल नितिन शर्मा ने नरसिंहपुर अंतर्गत एम आई एम टी कॉलेज नरसिंहपुर, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्वामी विवेकानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर एवं शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर में संचालित एनसीसी कंपनी एवं इकाइयों का वार्षिक निरीक्षण किया। कमान अधिकारी को एनसीसी कैडेट्स द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

कर्नल शर्मा से एम.आई.एम.टी. के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार गर्ग, डायरेक्टर एड. रचित तिवारी, एम.आई.एम.टी. लॉ कॉलेज, डॉ. आर.बी. सिंह प्राचार्य, पी.जी. कॉलेज नरसिंहपुर तथा डॉ. अशोक उदेनिया प्रभारी प्राचार्य उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर द्वारा सौजन्य भेंट की गई। एन.सी.सी. की ओर से कर्नल शर्मा को संस्थाओं में स्मृति चिन्ह प्रदान किये गये। एन सी सी कैडेट्स को संबोधित करते हुए कर्नल शर्मा ने सतत अध्ययन एवं जीवन में सफल होने हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया। अग्निवीर, सैन्य अधिकारी तथा एन सी सी सर्टिफिकेट परीक्षाओं के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए गए। एशोसियेट एन सी सी ऑफिसर मेजर डॉ. पराग नेमा द्वारा पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से कंपनी का वार्षिक प्रतिवेदन एवं कार्ययोजना पर प्रकाश डाला। लेफ्टि. डॉ. राजेश ठाकुर एवं सेकेण्ड ऑफिसर ए.एन. राव द्वारा एन.सी.सी. सत्र की जानकारी एवं कार्ययोजना पर प्रकाश डाला गया। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कमान अधिकारी ने प्रत्येक एन.सी.सी. संस्था परिसर में पौधारोपण किया। उक्त अवसर पर 'सी' सर्टिफिकेट उत्तीर्ण कैडेट्स को प्रमाणपत्र वितरित किये गये। सूबेदार मेजर नैरायण दास एवं सूबेदार गोपल सिंह सहित बड़ी संख्या में एन सी सी कैडेट्स उपस्थित रहे।

## विजय बेशर्म को ज़िन्दगी ही नाटक है के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** जिले के ख्यातिलब्ध साहित्यकार विजय नामदेव बेशर्म को उनके नाटक संग्रह ज़िन्दगी ही नाटक है के लिए हरिकृष्ण प्रेमी जी स्मृति साहित्य अकादमी सम्मान प्रदान किया जाएगा। विगत दिवस मध्यप्रदेश साहित्य अकादमी द्वारा वार्षिक सम्मानों की घोषणा की गई। विजय बेशर्म हिंदी काव्य मंचों पर एक सफल मंच संचालक के रूप में जाने जाते हैं।



विभिन्न साहित्यिक विधाओं में उनकी छब्बीस काव्य कृतियाँ प्रकाशित हैं। साहित्य सेवा के लिए उन्हें काव्य सम्राट, अटलबिहारी बाजपेई स्मृति साहित्य सम्मान, कादम्बिरी सम्मान, राष्ट्रीय बाल साहित्यकार सम्मान, बाल साहित्य विभूषण, साहित्य शिरोमणि, काव्यश्री सम्मान, वर्तिका साहित्य शिरोमणि सम्मान, ओम साहित्य सम्मान सहित सैकड़ों सम्मान प्राप्त हो चुके हैं। गधा परेशान है, तुम जो कह दो तो, ख्वाब शशि के, मेरी तुम, किसी दिन, हाथी की शादी, फादर्स गर्लफ्रेंड आदि उनकी चर्चित काव्य कृतियाँ हैं। इस उपलब्धि पर अनेक सामाजिक साहित्यिक संस्थाओं ने उनका नागरिक अभिनंदन करने की बात कही है।

## बावड़ी उत्सव में गूंजा जल संरक्षण का संदेश, बैहार में किया सामूहिक श्रमदान

**अनूपपुर, देशबन्धु ।** जिले में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जैतहरी विकासखंड के ग्राम बैहार में शुक्रवार को बावड़ी उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामीणों, सामाजिक संस्थाओं और प्रशासनिक अमले ने मिलकर पारंपरिक जल स्रोत के संरक्षण एवं पुनर्जीवन के लिए सामूहिक श्रमदान किया। कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशानुसार 30 मार्च से 30 जून तक जिलेभर में जल संरक्षण संबंधी गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में ग्राम बैहार के सेक्टर क्रमांक-03 स्थित प्राकृतिक एवं बारहमासी बावड़ी नुमा जल स्रोत पर जल स्रोत सेवा समागम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन नवांकुर संस्था ह्यूमैनिटी केयर फैमिली वेलफेयर एंड हेल्थ सोसायटी के तत्वावधान में किया गया।



श्रमदान के दौरान ग्रामीणों एवं प्रस्फुटन समिति के सदस्यों ने बावड़ी में जमा कचरा, जलकुंभी, प्लास्टिक अपशिष्ट तथा गाद को हटाकर जल स्रोत की साफ-सफाई की। सामूहिक प्रयासों से वर्षों पुराने इस पारंपरिक जल स्रोत का स्वरूप निखरकर सामने आया। इस अवसर पर जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक उमेश पांडेय ने कहा कि प्राचीन बावड़ियां और पारंपरिक जल स्रोत जल संरक्षण की अमूल्य धरोहर हैं। इनके संरक्षण और संवर्धन से ही भविष्य में जल संकट की समस्या का प्रभावी समाधान संभव है। उन्होंने ग्रामीणों से जल स्रोतों की नियमित साफ-सफाई एवं संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित नागरिकों को पारंपरिक जल स्रोतों के संरक्षण, स्वच्छता बनाए रखने तथा जल संवर्धन के लिए सामूहिक शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक फत्ते सिंह, संस्था प्रमुख पुष्पेंद्र नामदेव, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बैहार के अध्यक्ष श्याम सिंह, भेलमा समिति के अध्यक्ष राम सिंह सहित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता पाठ्यक्रम (बीएसडब्ल्यू/एमएसडब्ल्यू) के छात्र-छात्राएं, स्थानीय मातृशक्तियां एवं ग्राम के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने जल संरक्षण के इस अभियान को जनआंदोलन बनाने का संकल्प लिया।

## सूदखोरों के चंगुल में फंस रही युवा पीढ़ी

**गाडरवारा, देशबन्धु।** नगर में काफी लंबे समय से सूदखोरी का कारोबार जमकर चल रहा है। अनाप सनाप व्याज पर पैसा देकर सूदखोर युवाओ को अपने चंगुल में फंसाकर उनसे मोटी रकम वसूल रहे है। व्याज की दर इतनी अधिक होती है कि सूदखोर का पैसा पट ही नही सकता ।

व्याज की राशि नही मिलने पर पेनाल्टी लगा दी जाती है या फिर दम देकर कीमती सामग्री छुड़ा कर उनसे मारपीट तक की जाती है। कई युवा तो इन सूदखोरों के कारण अपने घर से तक नही निकल रहे है। इन सूदखोरों को किसी का डर भी नही है। नगर में सूदखोरी के चलते बड़ी घटनाएं घटित हो चुकी है घटना के बाद कुछ दिन तक को राहत रही लेकिन अब फिर से वही स्तिथि बनने लगी है । सूद पर पैसा देने वालो का एक बहुत बड़ा समूह है उनका जाल पूरे शहर में फैला हुआ है कुछ लोग तो व्याज पर पैसा दिलाने में दलाली तक करते है।

इन सूदखोरो के हौसले इतने बुलंद है कि व्याज का पैसा नही मिलने पर उनके घर जाकर धमकी देते हुए गंदी गंदी गालियां देते है और समय पर व्याज न मिलने पर अतिरिक्त व्याज लेते है। लाखो रुपयों का वाहन ओने पौने दामो में ब्याज पर रखकर समय पर ब्याज न मिलने पर उसे अपना बना लेते है। पुलिस प्रशासन को नगर में चल रहा है सुटखोरी के चल रहे सूदखोरी के गोरख धंधे को बंद करना होगा। अगर इस पर लगाम नहीं लगी तो आगामी समय में इसके परिणाम और भी घातक सिद्ध होने की संभावना है। नगर के जागरुक लोगों ने स्थानीय पुलिस प्रशासन एवं पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि एक विशेष अभियान चलाकर नगर में चल रहे अवैध रूप से सूदखोरी के धंधे को बंद कराए ताकि जो युवा वर्ग इन सूदखोरों के चंगुल में फसे है उन्हें राहत मिल सके।

क्षेत्र के विधायक स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री से भी नगर में चल रहे सूदखोरी ब्याज के धंधे पर रोक लगवाने की मांग की है।

### नाम सुधार सूचना

मैं अब्दुल करीम खान पिता श्री अब्दुल गफूर खान इतवारा बाजार राजीव वार्ड करेली नरसिंहपुर तह. व जिला नरसिंहपुर म.प्र. का निवासी हूं। मेरे पुत्र अयान खान पिता अब्दुल करीम खान के आधार कार्ड क्र. 8458-4861-3417 में सुधार कार्य करवाना है। मैं शपथकर्ता के पुत्र का नाम सरकारी और गैर सरकारी दस्तावेजों में अयान खान पिता अब्दुल करीम खान दर्ज है। शपथकर्ता के पुत्र के आधार कार्ड में नया नाम अब्दुल अयान खान पिता अब्दुल करीम खान निवासी इतवारा बाजार राजीव वार्ड करेली नरसिंहपुर तह. व जिला नरसिंहपुर म.प्र. होना है। मैंने अपने पुत्र का नाम बदलने का निर्णय लिया है, अब से पुत्र का नया नाम अब्दुल अयान खान (ABDUL AYAN KHAN) होगा। भविष्य में मेरे पुत्र को नये नाम अब्दुल अयान खान के नाम से जाना व पहचाना जाये। मेरे पुत्र का पुराना नाम और नये नाम से युक्त एक ही व्यक्ति है। इस हेतु शपथ पत्र पेश है।

अब्दुल करीम खान

### प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस कार्यालय प्राचार्य, स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नरसिंहपुर (म.प्र.)

(अग्रणी महाविद्यालय)

Phone- 07792-230335, NAAC GRADE-B (CGPA-2.99)

E_Mail-hegpgenar@mp.gov.in

क्र.1818/ स्था./2026/ नरसिंहपुर दि. 12.6.2026

**स्टेशनरी, छात्र परिचय-पत्र, फ्लेक्स निर्माण व अन्य सामग्री क्रय आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

वर्ष 2026-27 के लिए कार्यालयीन उपयोग की सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत विक्रेताओं से मुहरबंद निविदायें दिनांक 26.6.2026 शाम 5:30 बजे तक डाक व्यक्तिगत रूप से जमा की जा सकती है। सामग्री की विस्तृत सूची एवं निविदा की आवश्यक शर्तें महाविद्यालय कार्यालय के आवक-जावक शाखा से कार्यालयीन समय में प्राप्त/अवलोकन की जा सकती है। साथ ही महाविद्यालय की बेवसाइट https://highereducation.mp.gov.in/?orgid= 295 पर भी सामग्रियों की सूची एवं शर्तें उपलब्ध है। इच्छुक फर्म को निम्न सूची अनुसार सीलबंद निविदाएं पृथक-पृथक प्रस्तुत करना होगा। दिनांक 1.7.2026 को समय 2.00 बजे निविदायें खोली जावेंगी। अतः इस अवसर पर निविदाकर्ता उपस्थित होना चाहें।

1. स्टेशनरी सामग्री की सूची, 2. छात्र परिचय-पत्र, 3. फ्लेक्स निर्माण, 4. प्रिटिंग एवं छपाई कार्य ।

निविदा निरस्त करने का अंतिम व सर्वमान्य निर्णय प्राचार्य का होगा।

प्राचार्य

स्वामी विवेकानंद शास. स्नात. महावि., नरसिंहपुर

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक 16 को

**अनूपपुर, देशबन्धु।** सड़क दुर्घटनाओं एवं उनसे होने वाली मृत्यु दर में कमी लाने के उद्देश्य से जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन 16 जून को किया जाएगा। बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में शाम 5 बजे से प्रारंभ होगी। जानकारी के अनुसार बैठक में जिले में सड़क सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं, दुर्घटना संभावित स्थलों की स्थिति, यातायात नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन तथा दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा की जाएगी। साथ ही सड़क सुरक्षा को मजबूत बनाने के लिए आवश्यक सुझावों एवं कार्ययोजनाओं पर भी चर्चा होगी। डिप्टी कलेक्टर ने बताया कि जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्धारित समय पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि सड़क सुरक्षा से जुड़े विषयों पर समन्वित रूप से आवश्यक निर्णय लिए जा सकें। बैठक का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं की संख्या एवं उनमें होने वाली जनहानि को कम करने के लिए प्रभावी रणनीति तैयार करना है।


**मार्केट वॉच गाडरवारा**

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

